प्रेस नोट थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर दिनांक 24.06.2024

चोरी का अपराध कारित करने के आरोप में 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का ई-रिक्शा बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में व थाना प्रभारी शाहपुर के नेतृत्व में प्रशि0उ0नि0 अभिषेक कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 327/2024 धारा 379 भादवि से संबंधित अभियुक्तों 1. मो0 रहीमुद्दीन उर्फ असलम, 2. विकास सिंह, 3. बाबू अली को चोरी के 01 अदद ई रिक्शा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

वादी मुकदमा दिनांक 22.06.2024 की रात्रि 08.10 बजे अपना ई-रिक्शा महुआ तिराहा संवेदना हास्पिटल के सामने खड़ी कर दुकान से सामान लेने गये थें, उसी समय किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी का ई-रिक्शा चोरी कर लिया गया। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

1. मो0 रहीमुद्दीन उर्फ असलम पुत्र सराफत अली निवासी सिंदुरिया बाजार थाना सिंदुरिया जनपद महाराजगंज हाल पता चौहान टोला मोहनापुर पादरी बाजार थाना शाहपुर
2. विकास सिंह पुत्र स्व० रवि प्रताप निवासी व्यास नगर कॉलोनी पादरी बाजार थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर स्थायी पता ग्राम-भूपगढ़ थाना गोलाजनपद गोरखपुर
3. बाबू अली पुत्र खबीर अली निवासी जॉयपुर रोड घीलाजाड़ी थाना हाउली जनपद-बरपेटा, राज्य असम हाल पता कूड़ाघाट थाना कूड़ाघाट गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 327/2024 धारा 379,411 भादवि थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

चोरी के 01 अदद ई रिक्शा

गिरफ्तारी की टीम-

1. प्रशि0उ0नि0 अभिषेक कुमार सिंह थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
2. का0 प्रवीण कुमार थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
3. का0 राकेश यादव थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
4. का0 विक्रम यादव थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर